## महत्वपूर्ण एवं खास

### लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह में छत्तीसगढ़ के 13 आरटीआई कार्यकर्ताओं का सम्मान

रायगढ़। देश भर के प्रतिष्ठित आरटीआई कार्यकर्ताओं का विगत 14 जुलाई को लखनऊ के चाइना बाजार स्थित प्रेस क्लब में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मान किया गया।



समारोह में देश के कई राज्यों से आये आरटीआई कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। प्रेस क्लब में आयोजित इस गरिमामय समारोह की अध्यक्षता पूर्व सूचना आयुक्त ज्ञानप्रसाद मौर्या ने की तथा समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में चंद्रभूषण पांडेय के अलावे विशिष्ठ अतिथि के रूप में लखनऊ पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार श्रीवास्तव उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ से 13 आरटीआई कार्यकर्ताओं को भी सम्मानित कर उनकी हौसला अफजाई की गई। जिनमें रायगढ़ के आरटीआई कार्यकर्ता पत्रकार रफी अहमद कुरैशी, पत्रकार प्रकाश थवाईत एवं कृष्णा मिश्रा भी शामिल थे। जिन्हें मुख्य अतिथि द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

सम्मान समारोह के दौरान अतिथिगणों ने अपने सारगर्भित उद्बोधन में सूचना के अधिकार के महत्व पर प्रकाश डाला और देश में आरटीआई कार्यकर्ता के रूप में कार्यरत आरटीआई कार्यकर्ताओं के सामने आ रही दिक्कतों का उल्लेख करते हुए कहा कि आरटीआई कार्यकर्ताओं को आने वाली कठिनाईयों से हतोत्साहित नहीं होना चाहिए बल्कि संबंधित अधिकारियों के समक्ष अपने जायज हक का पक्ष पूरी ताकत के साथ रखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि आरटीआई कार्यकर्ताओं को संगठित होने की जरूरत है ताकि किसी भी आरटीआई कार्यकर्ता पर किसी भी तरह का संकट का समाधान संगठन के स्तर पर किया जा सके।

### जोन स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण 19 से 21 जुलाई तक

रायगढ़। जिले के डाईट धरमजयगढ़ में जोन स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण के अंतर्गत विषय भूगोल का प्रशिक्षण 19 से 21 जुलाई तक आयोजित की गई है। यह प्रशिक्षण मूलतः एक देश एक शिक्षा के तहत की जा रही है। पूरे देश में एन.सी.ई.आर.टी.के तर्ज में की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी आर.पी.आदित्य के निर्देशानुसार एवं सहायक जिला परियोजना अधिकारी रा.मा.शि.मि. जे.के.राठौर के मार्गदर्शन में भूगोल विषय के मास्टर ट्रेनर एम.आर.यादव, मदन पटेल एवं आलेख राम पटेल को एससीईआरटी रायपुर में प्रशिक्षण प्राप्त कर धरमजयगढ़ डाईट में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### वायु सेना भर्ती रैली रायपुर में 30 अगस्त से

#### जिले के पात्र युवा रैली में हो सकते है शामिल

रायगढ़। छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए भारतीय वायु सेना भर्ती रैली का आयोजन 30 अगस्त से 5 सितम्बर 2018 तक रायपुर में किया जा रहा है। जिले के पात्र इच्छुक युवा वर्ग भर्ती रैली में शामिल हो सकते है। वायु सेना (सुरक्षा) के पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि आवेदकों की आयु 17 से 21 वर्ष के मध्य होनी चाहिए तथा किसी भी विषय में किसी मान्यता प्राप्त संस्था बोर्ड से 12 वीं कक्षा 50 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। जिसमें अंग्रेजी विषय में 50 प्रतिशत अंक प्राप्त करना अनिवार्य होगा। आवेदकों की न्यूनतम ऊंचाई 152.5 से.मी. तथा सीना 75 से.मी. होना चाहिए। भर्ती रैली के चयन प्रक्रिया के प्रथम चरण में शारीरिक फिटनेस परीक्षा आयोजित किया जाएगा। जिसमें 1.6 कि.मी. की दौड़ 5 मिनट 40 सेकेण्ड में पूरा करना होगा। इसके साथ ही 20 पुशअप, 20 सीटअप, 8 बीम लगाना तथा 20 उटक-बैठक करना होगा। शारीरिक फिटनेस परीक्षा में उत्तीर्ण आवेदकों को वस्तुनिष्ठ प्रकार का लिखित परीक्षा होगा। जिसमें अंग्रेजी, तर्क शक्ति तथा सामान्य ज्ञान के प्रश्नों को 45 मिनट में हल करना अनिवार्य है। मनोवैज्ञानिक परीक्षा एवं अंग्रेजी भाषा में समूह चर्चा होगी।

उन्होंने बताया कि परीक्षा में उत्तीर्ण युवाओं को वायु सेना में सुरक्षा एयरमेन के रूप में नियुक्ति प्रदान की जाएगी। चयनित युवाओं को प्रशिक्षण अवधि में प्रतिमाह 11 हजार 400 रुपए की छात्रवृत्ति एवं प्रशिक्षण उपरांत लगभग 25 हजार रुपए की परिलब्धियां सहित अन्य सुविधाएं प्राप्त होगी। वायु सेना भर्ती रैली के संबंध में दूरभाष नंबर 07762-223042 एवं 84618-64993 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला रोजगार अधिकारी श्री प्रमोद जैन ने बताया कि गत दिवस रायगढ़ जिले में आयोजित भर्ती रैली में 65 युवाओं का चयन किया गया था, जिसमें से रायगढ़ के 5 युवा शामिल थे।

### ज्योति सारथी की पानी में डूबने से मृत्यु

#### बहन राखी सारथी को मिली 4 लाख रु.की सहायता राशि

रायगढ़। तहसील खरसिया के हरिजन मोहल्ला निवासी ज्योति सारथी की 26 अगस्त 2017 को पानी में डूबने से मृत्यु होने पर कलेक्टर रायगढ़ द्वारा एसडीएम खरसिया की अनुशंसा पर राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत मृतक ज्योति सारथी की बहन राखी सारथी को 4 लाख रुपए की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## इंग्लैंड में धमाल मचाएंगे रविंद्र जडेजा, ऐसी की है जबरदस्त तैयारी



नई दिल्ली (आरएनएस)। इंग्लैंड के खिलाफ 5 मैचों की टेस्ट सीरीज के शुरुआती 3 मैचों के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी गई है। टीमें ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा भी शामिल हैं। वह टी-20 और वनडे सीरीज से बाहर थे। 1 अगस्त से शुरू हो रही 5 टेस्ट मैचों की सीरीज में धाकड़ स्पिनर जडेजा धमाल मचाने को तैयार हैं।

उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक विडियो शेयर किया है, जिसमें वे वर्कआउट करते दिख रहे हैं। विडियो में जडेजा भारी-भरकम हथौड़े से टायर पीट रहे हैं। विडियो के साथ उन्होंने लिखा, जब तक मंजिल न मिले जोर लगाते रहें।

ऐसा नहीं है कि जडेजा ने अपने वर्कआउट का पहली बार विडियो शेयर किया है। इससे पहले भी वह जिम के दौरान के कई विडियो शेयर कर चुके हैं। उनके वर्कआउट वाले विडियोज को लेकर उनके फैंस काफी पसंद भी करते हैं।

उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम में सिलेक्ट होने के लिए तय च्यो-योज टेस्ट के लिए खिलाड़ियों को फिट रहना ही पड़ता है। कप्तान विराट कोहली, मनीष पांडे, रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान एमएस धोनी जैसे खिलाड़ियों ने फिटनेस का एक अलग पैमाना तय किया है।

**शुरुआती 3 टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम**

**विराट कोहली (कप्तान), शिखर धवन, के. एल. राहुल, मुरली विजय, चेतेश्वर पुजारा, अजिंक्य रहाणे (उप कप्तान), करुण नायर, दिनेश कार्तिक (विकेट कीपर), ऋषभ पंत (विकेट कीपर), आर. अश्विन, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, हार्दिक पंड्या, ईशांत शर्मा, मोहम्मद शमी, उमेश यादव, जसप्रीत बुमराह और शार्दुल ठाकुर।**

## धोनी नहीं ले रहे संन्यास, गेंदबाजी कोच को दिखाने के लिए ली थी बॉल: रवि शास्त्री

मुंबई (आरएनएस)। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और आखिरी वनडे में हार के बाद पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने कुछ ऐसा किया, जिससे



उनके चाहने वाले उनके संन्यास के बारे में सोचने पर मजबूर हो गए। चारो तरफ उनके संन्यास पर चर्चा होने लगी। मामला बढ़ते देख टीम इंडिया के कोच और पूर्व खिलाड़ी रवि शास्त्री को सामने आना पड़ा है। उन्होंने धोनी के संन्यास की खबरों पर सफाई तो दी ही साथ ही इसे निराशाजनक बताया है।

उन्होंने बताया कि एमएस (धोनी) दरअसल गेंद गेंदबाजी कोच भारत अरुण को दिखाने के लिए ले रहे थे। वह उन्हें गेंद की हालत को दिखाना चाहते थे, जिससे उन्हें आइडिया मिल सके कि गेंद की कंडिशन क्या है और वहां उसके साथ किस तरह खेलना चाहिए था। उन्होंने संन्यास के बारे में चर्चा करने वालों को लताड़ भी लगाई। उन्होंने कहा, च्यह बकवास है। धोनी कहीं नहीं जा रहे हैं।ज दूसरी ओर, धोनी के करीबियों ने भी धोनी के संन्यास से इनकार किया है।

उल्लेखनीय है कि निर्णायक वनडे में मेजबान इंग्लैंड ने भारतीय टीम को 8 विकेट से हराकर सीरीज पर 2-1 से कब्जा कर लिया। सीरीज में भारत की हार के साथ-साथ सोशल मीडिया पर धोनी की रिटायरमेंट के कयास भी लगाए जाने लगे। दरअसल, मैच खत्म होने के बाद का एक विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

## आगामी घरेलू सीजन में बीसीसीआई करेगा 2000 मैचों का आयोजन




मुंबई (आरएनएस)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) आगामी 2018-19 घरेलू सीजन में पुरुष एवं महिला टूर्नामेंट्स को मिलाकर सभी आयु वर्ग में कुल 2,000 मैचों का आयोजन करेगा। बीसीसीआई ने बुधवार को एक बयान जारी कर इस बात की जानकारी दी। भारत के घरेलू सत्र की शुरुआत अगस्त में होने वाली दलीप ट्रॉफी से होगी।

बीसीसीआई ने इस बार रणजी ट्रॉफी में नौ नई टीमों को शामिल किया है जिससे टीमों की संख्या 37 हो गई है। इन सभी टीमों को तीन इलीट ग्रुप-ए,बी,सी में बांटा जाएगा। ग्रुप-सी में 10 टीमें होंगी। इन नौ नई टीमों में अरुणाचल प्रदेश, बिहार, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, पुडुचेरी, सिक्किम और उत्तराखंड हैं। इन नौ टीमों को प्लेट ग्रुप में रखा गया है।

इन टीमों में जो टीम क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाएगी उसे अगले सीजन में ग्रुप-सी में रखा जाएगा। ग्रुप-सी से क्वॉर्टर फाइनल में जगह बनाने वाली टीमें अगले सीजन में ग्रुप-ए और बी में खेलेंगी। सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में भी 37 टीमें होंगी।

यह टूर्नामेंट ईरानी ट्रॉफी के बाद खेल जाएगा। वहीं सीनियर महिला टीम अपने घरेलू सीजन की शुरुआत टी-20 चैलेंजर ट्रॉफी से करेगी।

## रूट ने बल्ला गिराने को बताई करियर की सबसे शर्मनाक हरकत




लीड्स। भारत और इंग्लैंड के बीच वनडे सीरीज खत्म होने के बाद एक बात जो सबसे ज्यादा चर्चा में रही है, वो जो रूट का माइक ड्रॉप सेलिब्रेशन। भारत के खिलाफ जीत दर्ज करते ही जो रूट ने अपना बल्ला हाथ से छोड़ दिया। उन्होंने सीरीज जीत का जश्न कुछ इसी अंदाज में मनाया था। हालांकि अब उन्हें इस बात का पछतावा है। रूट ने मैच के बाद कहा कि ये उनके करियर की सबसे शर्मनाक हरकत है।

लंबे समय से फॉर्म से जूझ रहे रूट ने भारत के खिलाफ वनडे सीरीज में वापसी की और लगातार दो शतक जड़े। लॉर्ड्स वनडे में नॉटआउट 113 और लीड्स वनडे में नॉटआउट 100 रन बनाए। रूट ने मैच के बाद कहा, मुझे ऐसा करते ही इसका पछतावा हो गया था। क्रिकेट के मैदान पर मेरे लिए ये सबसे शर्मनाक हरकत थी।

लीड्स मैच में सेंचुरी जड़ने के साथ ही रूट इंग्लैंड की तरफ से वनडे में सबसे ज्यादा सेंचुरी जड़ने वाले बल्लेबाज भी बन गए। रूट ने मार्कस ट्रेस्कॉथिक का रिकॉर्ड तोड़ा, जिनके नाम 12 सेंचुरी थीं। रूट के नाम अब 13 वनडे सेंचुरी हो चुकी हैं।

## श्रीसंत ने अपने नए लुक से सभी को चौंका ही दिया



नई दिल्ली। आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग में फंसे भारतीय क्रिकेटर एस श्रीसंत ने हाल ही में अपनी फिटनेस पर जबर्दस्त काम कर सभी को हैरान कर दिया है. श्रीसंत एक ओर जहां आईपीएल स्पॉट फिक्सिंग में बीसीसीआई के तरफ से निलंबन झेलते हुए उसके खिलाफ कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं. वहीं उन्होंने अब अपनी फिटनेस पर मेहनत कर नया लुक शेयर किया है. इस नए लुक को देखकर साफ दिख रहा है कि बॉलीवुड के हीरो सलमान खान, ऋत्विक रोशन वगैरह तो अब श्रीसंत के आगे कहीं भी टिकते नजर नहीं आ रहे. श्रीसंत इस लुक में ऐसे दिख रहे हैं जैसे वे अब डब्ल्यू डब्ल्यू ई के अखाड़े में उतरने जा रहे हैं.

श्रीसंत को इस बारे में खुलासा करने की जरूरत नहीं है कि वे अपनी फिटनेस पर मेहनत क्यों कर रहे हैं. मैच फिक्सिंग के आरोपों के चलते श्रीसंत का क्रिकेट करियर खत्म हो चुका है. कुछ वक्त पहले वह एक बॉलीवुड फिल्म में भी नजर आए थे. फिल्म 'अक्सर 2' से श्रीसंत ने अपनी नई पारी की शुरुआत की थी. इस फिल्म से डेब्यू करने श्रीसंत को हालांकि बॉलीवुड में सफलता नहीं मिली.

**नई फिल्म की तैयारी है श्रीसंत की**

अब श्रीसंत एक कन्नड़ फिल्म से फिर से सुनहरे परदे पर नजर आने की तैयारी कर रहे हैं. श्रीसंत कन्नड़ फिल्म 'केम्पागोड़ा-2' में बतौर हीरो नजर आएंगे. इस फिल्म के लिए ही श्रीसंत ने खुद को पूरी तरह से बदल लिया है.

## जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे को मिला चुनाव चिन्ह हल चलाता किसान

### विधायक प्रत्याशी विभाष का मिठाई खिलाकर जगह जगह हुआ स्वागत

रायगढ़। छत्तीसगढ़ की नवोदित पार्टी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के चुनाव चिन्ह हल चलाता किसान मिलने पर पूरे रायगढ़ जिले में हर्ष की लहर की देखी जा रही है। वहीं रायगढ़ विधानसभा में विधायक प्रत्याशी विभाष सिंह ठाकुर के समर्थक अपने-अपने ढंग से खुशी का इजहार करते हुए आतिशबाजी कर, मिष्ठान वितरण कर एवं युवा नेता विभाष सिंह ठाकुर से भेंट कर उनको बधाई दे रहे हैं।

यूं तो रायगढ़ विधानसभा ही नहीं पूरे रायगढ़ जिले में छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के सुप्रीमो अजीत जोगी की नई पार्टी का जनाधार सर चढ़कर बोल रहा है। छत्तीसगढ़ वासियों के हित में बनी इस नवोदित पार्टी ने बहुत ही कम समय में गांव-गांव घर-घर पहुंचकर छत्तीसगढ़ की सबसे लोकप्रिय पार्टी का खिताब अपने नाम हासिल किया है। अजीत जोगी की नई पार्टी से रायगढ़ के युवा नेता विभाष सिंह ठाकुर को विधायक प्रत्याशी घोषित किए जाने के बाद पूरे रायगढ़ जिले में हर्ष की लहर दौड़ गई थी। रायगढ़ ही नहीं अपितु पूरे प्रदेश में आंदोलनकारी नेता के नाम से मशहूर युवा नेता विभाष सदैव एक जुझारू नेता बनकर गरीब किसानों, बेरोजगार युवाओं के साथ मिलकर हर कदम में उनका साथ देते हुए उनको न्याय दिलाते हुए हैं, यहां तक महिलाओं के सम्मान में उनकी सुरक्षा में भी विभाष सदैव आवाज बुलंद करते आएं हैं। जब रायगढ़ विधानसभा में गत 01 नवंबर से छत्तीसगढ़िया जन अधिकार पद यात्रा पद यात्रा निकाली गई तब से रायगढ़ विधानसभा की तमाम जनता पार्टी के सुप्रीमो अजीत जोगी की नई पार्टी के चुनाव चिन्ह का बेसब्री से इंतजार कर रही थी। जैसे ही अजीत जोगी की नई पार्टी जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे का चुनाव चिन्ह हल चलाता किसान सामने आया ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब किसानों के चेहरे एक बार फिर से खिल उठे।

#### विशेष रेल लाईन परियोजना

## अनुविभागवार कृषकों के लिए सुनवाई 7 एवं 9 अगस्त को

रायगढ़। विशेष रेल लाईन परियोजना खरसिया से धरमजयगढ़ घरघोड़ा से डोंगामौहा की लाईन सहित 104 कि.मी. छाल साइडिंग पूरक खसरा कि.मी.अनुभाग खरसिया घरघोड़ा और धरमजयगढ़ जो अनुविभाग धरमजयगढ़ के ग्राम-खेदापाली, पुसल्दा, कटाईपाली, चीतापाली, चंद्रशेखरपुर, सिंवार, गेरसा, आमगांव, चीतापाली, लोटान तथा कटाईपाली (सी) एवं अनुविभाग खरसिया के ग्राम मदनपुर, भालुनारा एवं अनुविभाग घरघोड़ा के ग्राम फगुरम, कंटगडीह, बड़े गुमड़ा के नीजि भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही भारतीय रेल अधिनियम के अनुसार की जा रही है। रेल लाईन निर्माण के संबंध में किसी भी कृषक को कोई आपत्ति हो तो वे अनुविभाग खरसिया एवं घरघोड़ा के प्रभावित ग्रामों के लिए 7 अगस्त 2018 को न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर रायगढ़ में सुनवाई की जाएगी।

### सारंगढ़ विकासखण्ड में मोटर पंप स्थापना एवं पानी टंकी निर्माण के लिए

#### 3 लाख रुपए की प्रशासकीय राशि स्वीकृत

रायगढ़। विधायक सारंगढ़ की अनुशंसा पर कलेक्टर रायगढ़ द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के तहत विकासखण्ड सारंगढ़ के ग्राम पंचायत जसरा में पंप स्थापना सह पानी टंकी निर्माण के लिए 1.50 लाख रुपए तथा जसरा के आश्रित ग्राम धुता में बोर खनन सह मोटर पंप स्थापना के लिए 1.50 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदाय की गई है।

कलेक्टर ने उक्त निर्माण कार्य की जिम्मेदारी जनपद पंचायत सारंगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को सौंपते हुए समय-सीमा में गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिए है।